तारीख हुक्म	हुक्म मय कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **प्रकरण संख्या : 72/2019** **प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22/3/22	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं रिपोर्ट तहसीलदार झुन्झुनूं का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया। तहसीलदार झुन्झुनूं ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि कस्बा झुन्झुनूं की जमाबंदी संम्वत 2074–2077 के खाता संख्या 734 में बाबू पुत्र जीता हिस्सा 1/12 एवं मुन्ना पुत्र जीता हिस्सा 1/12 के स्थान पर बालू पुत्र मुन्ना हिस्सा 1/12 एवं जीता पुत्र मुन्ना हिस्सा 1/12 शुद्ध किये जाने की अभिशंसा की गई है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज जमाबंदी सम्वत 2024 से 2028 में बालू व जीता पुत्र मुन्ना दर्ज है इसके अलावा पूर्व की जमाबंदियां संलग्न नहीं है एव ना ही बालू पुत्र मुन्ना के समर्थन में कोई भी पहचान दस्तावेज पत्रावली पर उपलब्ध नहीं है। प्रार्थना पत्र में चाहे गये अनुतोष के संबध में पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य पत्रावली पर उपलब्ध नहीं है अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट के अन्तर्गत साक्ष्य के अभाव में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैशल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।	